विद्यार्थियों ने मनाया विश्व रैड क्रॉस दिवस

सम्पूर्ण मानवता ले लिए समर्पण भाव से कार्य करने वाली संस्था रैड़ क्रॉस का संदेश विद्यार्थियों में प्रचारित करते हुए आज दिनांक 08 मई 2017 को अग्रवाल महाविद्यालय के सभागार में विश्व रैड़ क्रास दिवस मनाया गया I इस कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता द्वारा किया गया I उन्होंने रैड़ क्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी डयूनांट को आज उनके जन्मदिवस पर याद करते हुए बताया कि रैड़ क्रॉस एक विश्वव्यापी संस्थान है जो कि जन कल्याण के लिए समर्पित है I उन्होंने यूवा रैड़ क्रॉस के सभी स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज यह संस्था पूरे विश्व में प्राकृतिक और अन्य आपदाओं में सहायता हेतू उल्लेखनीय कार्य कर रही है I यूथ रैड़ क्रॉस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. जयपाल सिंह ने बताया कि 8 मई 1828 को रैड़ क्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी डयूनांट का जन्म हुआ था व 26 अक्टूबर 1863 को इसकी स्थापना हुई थी I इसका उद्‌देश्य युद्ध के समय चिकित्सकों, नर्सों व चिकित्सीय सामान की सहायता से युद्ध में घायलों की सेवा करना था I इस कार्य के लिए लाल रंग का क्रास चिन्ह दिया गया था जो कि पूरे संसार में सुरक्षा व सहायता के चिन्ह के रुप का प्रतीक है I आज के कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. उषा चौधरी और डॉ. विनोद राठी ने विशेष भूमिका निभाई और सभी स्वयंसेवकों को मानवता केलिए कार्य करने के लिए हौंसला अफज़ाई की I इस अवसर पर सभी स्वयंसेवकों ने रैड़ क्रॉस शपथ ग्रहण की और प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया I